# वाणिज्य व लेखाविधि / COMMERCE AND ACCOUNTANCY

## प्रश्न-पत्र I / Paper I

| | |
|---|---|
| निर्धारित समय : तीन घंटे | अधिकतम अंक : 250 |
| Time Allowed : **Three** Hours | Maximum Marks : **250** |

### प्रश्न-पत्र के लिए विशिष्ट अनुदेश

***कृपया प्रश्नों के उत्तर देने से पूर्व निम्नलिखित प्रत्येक अनुदेश को ध्यानपूर्वक पढ़ें :***

*इसमें **आठ** प्रश्न हैं जो **दो खण्डों** में विभाजित हैं तथा **हिन्दी** और **अंग्रेज़ी** दोनों में छपे हैं ।*

*परीक्षार्थी को कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर देने हैं ।*

*प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं तथा बाकी में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनकर किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।*

*प्रत्येक प्रश्न/भाग के अंक उसके सामने दिए गए हैं ।*

*प्रश्नों के उत्तर उसी माध्यम में लिखे जाने चाहिए जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू.सी.ए.) पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए । उल्लिखित माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे ।*

*प्रश्नों में शब्द सीमा, जहाँ विनिर्दिष्ट है, का अनुसरण किया जाना चाहिए ।*

*यदि आवश्यक हो, तो उपयुक्त आँकड़ों का चयन कीजिए, तथा उनको निर्दिष्ट कीजिए ।*

*प्रश्नों के उत्तरों की गणना क्रमानुसार की जाएगी । यदि काटा नहीं हो, तो प्रश्न के उत्तर की गणना की जाएगी चाहे वह उत्तर अंशतः दिया गया हो । प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़ा हुआ पृष्ठ या उसके अंश को स्पष्ट रूप से काटा जाना चाहिए ।*

### Question Paper Specific Instructions

***Please read each of the following instructions carefully before attempting questions :***

*There are **EIGHT** questions divided in **TWO SECTIONS** and printed both in **HINDI** and in **ENGLISH**.*

*Candidate has to attempt **FIVE** questions in all.*

*Questions no. **1** and **5** are compulsory and out of the remaining, any **THREE** are to be attempted choosing at least **ONE** question from each section.*

*The number of marks carried by a question / part is indicated against it.*

*Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.*

*Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to.*

*Assume suitable data, if considered necessary, and indicate the same clearly.*

*Attempts of questions shall be counted in sequential order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.*



www.mpscmaterial.com follow us @mpscmaterial on FB, INSTA and t.me/mpscmaterial

## खण्ड A

## SECTION A

**Q1.** **निम्नलिखित में से प्रत्येक का उत्तर लगभग 150 शब्दों में दीजिए :**
**Answer the following in about 150 words each :** *10×5=50*

(a) विदेशी मुद्रा लेनदेनों से सम्बन्धित भारतीय लेखाकरण मानकों के प्रावधानों का कथन कीजिए ।

State the provisions of Indian Accounting Standards regarding Foreign Exchange Transactions. *10*

(b) कम्पनियों के आन्तरिक पुनर्निर्माण एवं बाह्य पुनर्निर्माण के बीच विभेदन कीजिए ।

Distinguish between Internal Reconstruction and External Reconstruction of Companies. *10*

(c) 'उत्तरदायित्व केन्द्र' को परिभाषित कीजिए । इसके विभिन्न प्रकारों को स्पष्ट कीजिए ।

www.mpscmaterial.com

Define 'Responsibility Centre'. Explain its various types. *10*

(d) 'सेवा कर' पर एक टिप्पणी लिखिए ।

Write a note on 'Service Tax'. *10*

(e) "अग्रिमों का सत्यापन करना बैंक के लेखापरीक्षक का एक महत्त्वपूर्ण प्रकार्य होता है ।" समझाइए ।

"Verification of Advances is an important function of an auditor of a Bank." Explain. *10*



www.mpscmaterial.com follow us @mpscmaterial on FB, INSTA and t.me/mpscmaterial

**Q2.** (a) राकेश लि. एवं लोकेश लि. के 31.12.2013 को तुलन-पत्र निम्नलिखित थे :

| देयताएँ | राकेश लि. ₹ | लोकेश लि. ₹ | परिसम्पत्तियाँ | राकेश लि. ₹ | लोकेश लि. ₹ |
|---|---|---|---|---|---|
| ईक्विटी शेयर पूँजी (प्रति शेयर ₹ 10) | 6,00,000 | 4,00,000 | स्थिर सम्पत्तियाँ (सुनाम के अतिरिक्त) | 5,00,000 | 3,50,000 |
| आरक्षितियाँ | 1,50,000 | 1,00,000 | विक्रेय स्टॉक | 95,000 | 75,000 |
| लाभ-हानि लेखा | 75,000 | 60,000 | देनदार | 1,40,000 | 1,00,000 |
| विविध लेनदार | 37,500 | 30,000 | नकद एवं बैंक | 1,17,500 | 60,000 |
| | | | प्रारम्भिक व्यय | 10,000 | 5,000 |
| | **8,62,500** | **5,90,000** | | **8,62,500** | **5,90,000** |

राकेश लि. ने लोकेश लि. का 1.7.2014 को विलयन किया । अधिकार में लेने वाली तारीख को लोकेश लि. का तुलन-पत्र तैयार नहीं किया गया था । लेकिन आपको निम्नलिखित जानकारियाँ उपलब्ध कराई जाती हैं :

(i) 30.6.2014 को अंत होने वाले छह महीनों में लोकेश लि. ने स्थिर सम्पत्तियों पर 10% वार्षिक दर से मूल्यह्रास का प्रावधान करने के बाद ₹ 60,000 का निवल लाभ अर्जित किया ।

(ii) उसी अवधि में राकेश लि. ने स्थिर सम्पत्तियों पर 10% वार्षिक दर से मूल्यह्रास लगाने के पश्चात् ₹ 1,45,000 का निवल लाभ अर्जित किया ।

(iii) 1.4.2014 को दोनों कम्पनियों ने 10% लाभांश वितरित किया था ।

(iv) अधिकार में लेने वाली तिथि को लोकेश लि. का अनुमानित सुनाम (गुडविल) ₹ 25,000 था तथा यह सहमति हुई कि अधिकार में लेने वाली तिथि को लोकेश लि. के स्टॉकों की ₹ 15,000 से मूल्यवृद्धि की जाएगी ।

(v) राकेश लि. के द्वारा लोकेश लि. को अधिकार लेने वाली तिथि पर शेयरों के अंतर्जात मूल्य के आधार पर शेयरों का निर्गमन करना है ।

आमेलन के पश्चात् राकेश लि. का तुलन-पत्र तैयार कीजिए ।



www.mpscmaterial.com follow us @mpscmaterial on FB, INSTA and t.me/mpscmaterial

The Balance Sheets of Rakesh Ltd. and Lokesh Ltd. as at 31.12.2013 were as follows :

| Liabilities | Rakesh Ltd. ₹ | Lokesh Ltd. ₹ | Assets | Rakesh Ltd. ₹ | Lokesh Ltd. ₹ |
|---|---|---|---|---|---|
| Equity Share Capital (Shares of ₹ 10 each) | 6,00,000 | 4,00,000 | Fixed Assets (other than Goodwill) | 5,00,000 | 3,50,000 |
| Reserves | 1,50,000 | 1,00,000 | Stock-in-trade | 95,000 | 75,000 |
| Profit and Loss A/c | 75,000 | 60,000 | Debtors | 1,40,000 | 1,00,000 |
| Sundry Creditors | 37,500 | 30,000 | Cash and Bank | 1,17,500 | 60,000 |
| | | | Preliminary Expenses | 10,000 | 5,000 |
| | **8,62,500** | **5,90,000** | | **8,62,500** | **5,90,000** |

Rakesh Ltd. took over and absorbed Lokesh Ltd. as on 1.7.2014. No balance sheet of Lokesh Ltd. was prepared on the date of takeover, but the following information is made available to you :

(i) In the six months ended 30.6.2014 Lokesh Ltd. made a net profit of ₹ 60,000 after providing for depreciation at 10% per annum on fixed assets.

(ii) Rakesh Ltd. during that period made a net profit of ₹ 1,45,000 after providing for depreciation at 10% per annum on the fixed assets.

(iii) Both the companies had distributed dividends of 10% on 1.4.2014.

(iv) Goodwill of Lokesh Ltd. on the date of takeover was estimated at ₹ 25,000 and it was agreed that the stocks of Lokesh Ltd. would be appreciated by ₹ 15,000 on the date of takeover.

(v) Rakesh Ltd. to issue shares to Lokesh Ltd. on the basis of the intrinsic value of the shares on the date of takeover.

Prepare the Balance Sheet of Rakesh Ltd. after absorption. *20*

(b) विभेदक लागत विश्लेषण, निर्णयन में किस प्रकार सहायक होता है ?

How is Differential Cost Analysis helpful in decision-making ? *15*

(c) "आय कर अधिनियम, 1961 के अधीन कराधेय आय के अभिकलन पर आवासिक प्रस्थिति का अपना प्रभाव होता है ।" चर्चा कीजिए ।

"Residential status has its effect on computation of taxable income under the Income Tax Act, 1961." Discuss. *15*



www.mpscmaterial.com follow us @mpscmaterial on FB, INSTA and t.me/mpscmaterial

**Q3.** (a) एक कम्पनी, जो दो उत्पाद बनाती है, एक वर्ष के लिए निम्नलिखित आँकड़े प्रस्तुत करती है :

| उत्पाद | वार्षिक उत्पादन (इकाई) | कुल मशीन घंटे | क्रय ऑर्डरों की कुल संख्या | सेट-अपों की कुल संख्या |
|---|---|---|---|---|
| क | 5,000 | 20,000 | 160 | 20 |
| ख | 60,000 | 1,20,000 | 384 | 44 |

वार्षिक उपरिव्यय निम्नलिखित हैं :

| | ₹ |
|---|---|
| मात्रा सम्बन्धित गतिविधि लागतें | 5,50,000 |
| सेट-अप सम्बन्धित लागतें | 8,20,000 |
| क्रय सम्बन्धित लागतें | 6,18,000 |

आपको

(i) उपरिव्यय को प्रभारित करने की पारंपरिक विधि

(ii) क्रियाकलाप आधारित लागत निर्धारण विधि

के आधार पर प्रत्येक उत्पाद 'क' और 'ख' की प्रति इकाई लागत का परिकलन करना है ।

A company manufacturing two products furnishes the following data for a year :

| Product | Annual Output (units) | Total Machine Hours | Total Number of Purchase Orders | Total Number of Set-ups |
|---|---|---|---|---|
| A | 5,000 | 20,000 | 160 | 20 |
| B | 60,000 | 1,20,000 | 384 | 44 |

The annual overheads are as under :

| | ₹ |
|---|---|
| Volume related activity costs | 5,50,000 |
| Set-up related costs | 8,20,000 |
| Purchase related costs | 6,18,000 |

You are required to calculate the cost per unit of each product 'A' and 'B' based on

(i) Traditional method of charging overheads

(ii) Activity based costing method *15*



www.mpscmaterial.com follow us @mpscmaterial on FB, INSTA and t.me/mpscmaterial

(b) मूल्यह्रास के लिए लेखाकरण पर भारतीय लेखाकरण मानकों के प्रावधानों पर चर्चा कीजिए।

Discuss the provisions of Indian Accounting Standards on Accounting for Depreciation. 15

(c) श्रीमान 'X' दो गृह सम्पत्तियों 'A' और 'B' के स्वामी हैं । उनके द्वारा सम्पत्ति 'A' का प्रयोग स्वयं रहने के लिए किया जाता है जबकि सम्पत्ति 'B' पूरे वित्तीय वर्ष 2016 – 17 के लिए किरायेदार को ₹ 15,000 मासिक किराये पर दी जाती है । सम्पत्तियों के सम्बन्ध में अन्य विवरण निम्नलिखित हैं :

| विवरण | सम्पत्ति 'A' | सम्पत्ति 'B' |
|---|---|---|
| म्यूनिसिपल मूल्यांकन | ₹ 30,000 | ₹ 50,000 |
| किराया नियन्त्रण अधिनियम के अन्तर्गत मानक किराया | ₹ 40,000 | ₹ 1,00,000 |
| श्रीमान 'X' के द्वारा नगरीय कर भुगतान | ₹ 8,000 | ₹ 24,000 |
| अनुरक्षण व्यय का भुगतान | ₹ 6,000 | ₹ 18,000 |
| निर्माण पूर्ण होने की तिथि | 31.3.2010 | 31.8.2013 |
| राष्ट्रीयकृत बैंक से सम्पत्तियों के निर्माण के लिए गृह ऋण पर ब्याज | ₹ 70,000 | ₹ 1,20,000 |
| अग्नि बीमा देय प्रीमियम | ₹ 1,500 | ₹ 3,000 |

www.mpscmaterial.com

निम्नलिखित अतिरिक्त सूचनाएँ उपलब्ध हैं :

(i) सम्पत्ति 'B' के निर्माण के लिए, लिए गए गृह ऋण पर ₹ 1,20,000 के ब्याज में से 31.3.2017 को ₹ 30,000 का ब्याज बकाया देय था ।

(ii) श्रीमान 'X' ₹ 50,000 प्रति माह के वेतन पर और ₹ 10,000 प्रति माह यात्रा भत्ते पर ए.बी.सी. लि. द्वारा नियुक्त किए गए थे ।

(iii) उसने वर्ष के दौरान ₹ 1,50,000 का दान एक धर्मार्थ ट्रस्ट को, जो आय कर अधिनियम, 1961 की धारा 80G के अधीन अनुमोदित है, दिया ।

(iv) उसने वर्ष के दौरान ₹ 7,500 अपने स्वास्थ्य परीक्षण पर खर्च किए ।

आपको कर निर्धारण वर्ष 2017 – 18 के लिए, श्रीमान 'X' की कुल कराधेय आय का अभिकलन करना है ।



www.mpscmaterial.com follow us @mpscmaterial on FB, INSTA and t.me/mpscmaterial

Mr. 'X' owns two house properties, 'A' and 'B'. Property 'A' is used by him for his own residential purpose, whereas property 'B' is let out to a tenant for a monthly rent of ₹ 15,000 throughout the financial year 2016 – 17. The other particulars in respect of the properties are as under :

| Particulars | Property 'A' | Property 'B' |
|---|---|---|
| Municipal Valuation | ₹ 30,000 | ₹ 50,000 |
| Standard Rent under Rent Control Act | ₹ 40,000 | ₹ 1,00,000 |
| Municipal Taxes paid by Mr. 'X' | ₹ 8,000 | ₹ 24,000 |
| Maintenance Charges paid | ₹ 6,000 | ₹ 18,000 |
| Date of completion of construction | 31.3.2010 | 31.8.2013 |
| Interest on home loans for construction of properties from Nationalised Bank | ₹ 70,000 | ₹ 1,20,000 |
| Fire Insurance Premium Payable | ₹ 1,500 | ₹ 3,000 |

The following further information is available :

(i) Out of interest of ₹ 1,20,000 on home loan taken for construction of property 'B', an amount of ₹ 30,000 was outstanding payable as at 31.3.2017.

(ii) Mr. 'X' was employed by ABC Ltd. on a monthly salary of ₹ 50,000 plus monthly travelling allowance of ₹ 10,000.

(iii) He donated during the year ₹ 1,50,000 to a charitable trust approved under Section 80G of the Income Tax Act, 1961.

(iv) He spent ₹ 7,500 for his health check-up during the year.

You are required to compute Total Taxable Income of Mr. 'X' for the Assessment Year 2017 – 18. *20*



www.mpscmaterial.com follow us @mpscmaterial on FB, INSTA and t.me/mpscmaterial

**Q4.** (a) एक बैंक को अपने एक ग्राहक से कर्ज़ के लिए एक आवेदन प्राप्त हुआ है । आपको बैंक की ओर से उस ग्राहक के लेखाओं की जाँच-पड़ताल करनी है । उन बिन्दुओं पर प्रकाश डालिए जिन पर आप अपना ध्यान केंद्रित करना चाहेंगे ।

A bank has received an application from a customer for a loan. You have to investigate on behalf of the bank the accounts of the customer. Highlight those points you would like to concentrate upon. *15*

(b) 'प्रसामान्य अपव्यय', 'अपसामान्य अपव्यय' और 'अपसामान्य प्रभाविता' को परिभाषित कीजिए । बताइए कि प्रक्रम लागत-निर्धारण में इनको किस प्रकार निरूपित किया जाता है ।

Define 'Normal Wastage', 'Abnormal Wastage' and 'Abnormal Effectiveness'. State how these are treated in Process Costing. *15*

(c) श्रीमान 'A' ने अपने पिता से जनवरी 2015 में एक आवासीय गृह का उत्तराधिकार प्राप्त किया । इस मकान को उनके पिता ने वर्ष 1979 में ₹ 70,000 की लागत पर खरीदा था । श्रीमान 'A' ने मकान को जून 2016 में ₹ 17,00,000 के प्रतिफल पर बेचा और पंजीकृत मूल्यांकक ने इस मकान का मूल्यांकन 1.4.1981 को ₹ 1,00,000 किया । लागत मुद्रास्फीति सूचकांक (सी.आई.आई.) निम्नलिखित है :

| वित्तीय वर्ष | सी.आई.आई. |
|---|---|
| 1981 – 82 | 100 |
| 2015 – 16 | 1000 |
| 2016 – 17 | 1200 |

कर निर्धारण वर्ष 2017 – 18 के लिए पूँजी अभिलाभ से आय की गणना कीजिए । पूँजी अभिलाभ पर कर को बचाने के लिए श्रीमान 'A' के द्वारा लिए जाने वाले कदम, यदि कोई हैं, का सुझाव भी दीजिए ।



www.mpscmaterial.com

www.mpscmaterial.com follow us @mpscmaterial on FB, INSTA and t.me/mpscmaterial

Mr. 'A' inherited a residential house from his father in January 2015. His father had bought the said house in the year 1979 at a cost of ₹ 70,000. Mr. 'A' sold the house in June 2016 for a sale consideration of ₹ 17,00,000 and the registered valuer has valued the said house at ₹ 1,00,000 as at 1.4.1981. The Cost Inflation Index (CII) is as under :

| Financial Year | CII |
|---|---|
| 1981 – 82 | 100 |
| 2015 – 16 | 1000 |
| 2016 – 17 | 1200 |

You are required to compute the income from capital gains for the Assessment Year 2017 – 18. Also suggest the actions, if any, that may be taken by Mr. 'A' to avoid tax on capital gains. *20*



www.mpscmaterial.com follow us @mpscmaterial on FB, INSTA and t.me/mpscmaterial

## खण्ड B
## SECTION B

**Q5.** **निम्नलिखित में से प्रत्येक का उत्तर लगभग 150 शब्दों में दीजिए :**
**Answer the following in about 150 words each :** *10×5=50*

(a) "वित्तीय प्रबन्धन का लक्ष्य लाभ अधिकतमीकरण होता है ।" समालोचनापूर्वक परीक्षण कीजिए ।

"Profit maximisation is the goal of Financial Management." Critically examine. *10*

(b) वित्तीय निर्णयों में जोखिम-परिलब्धि के बीच संतुलन स्थापना पर चर्चा कीजिए ।

Discuss the Risk-Return Trade-off in financial decisions. *10*

(c) मुद्रा बाज़ार और पूँजी बाज़ार के बीच विभेदन कीजिए ।

Distinguish between Money Market and Capital Market. *10*

(d) कम्पनियों के विलय में विनिमय अनुपात को निर्धारित करने की विभिन्न विधियों की विवेचना कीजिए ।

Discuss the various methods of deciding exchange ratio in merger of companies. *10*

www.mpscmaterial.com

(e) जेम्स वाल्टर के द्वारा प्रतिपादित किए गए मूल्यांकन फॉर्मूले का कथन कीजिए । इसके पीछे तर्क की भी व्याख्या कीजिए ।

State the valuation formula put forward by James Walter. Also explain the logic behind it. *10*

**Q6.** (a) एक कम्पनी 'मिक्सर' की 2600 इकाइयाँ प्रति वर्ष ₹ 2,000 प्रति इकाई की दर से बेचती है । प्रति इकाई लागत के विवरण निम्नलिखित हैं :

| | ₹ |
|---|---|
| कच्चा माल एवं पैकिंग सामग्री | 800 |
| प्रत्यक्ष मज़दूरी | 400 |
| उपरिव्यय खर्चे | 400 |

उपरिव्यय खर्चों में मूल्यह्रास के ₹ 2·60 लाख भी सम्मिलित हैं । साप्ताहिक आधार पर पूरे वर्ष उत्पादन समान रूप से बना रहता है । सभी विक्रय उधार पर होते हैं । प्रक्रम के प्रारम्भ में सामग्री का प्रवेश किया जाता है ।



www.mpscmaterial.com follow us @mpscmaterial on FB, INSTA and t.me/mpscmaterial

निम्नलिखित अतिरिक्त जानकारी भी उपलब्ध हैं :

| | *औसत अवधि* |
|---|---|
| कच्चा माल एवं पैकिंग सामग्री भंडार में | 4 सप्ताह |
| चालू कार्य (सामग्री 100%, श्रम एवं उपरिव्यय 50%) | 1 सप्ताह |
| निर्मित माल | 1 सप्ताह |
| देनदारों को उधार की अनुमति | 6 सप्ताह |
| सप्लायर द्वारा उधार की अनुमति | 4 सप्ताह |

बनाए रखा जाने वाला नकद शेष ₹ 60,000 है ।

कम्पनी के लिए निवल कार्यशील पूँजी आवश्यकता का परिकलन कीजिए ।

A company sells 2600 units of 'Mixer' at ₹ 2,000 each, annually. The details of cost per unit are as follows :

| | ₹ |
|---|---|
| Raw and Packing Materials | 800 |
| Direct Wages | 400 |
| Overhead Expenses | 400 |

Overhead expenses include ₹ 2·60 lakhs on depreciation. Production is evenly maintained over the year, on a weekly basis. All sales are on credit. Materials are introduced at the beginning of the process.

The following additional information is also available :

| | *Average Period* |
|---|---|
| Raw Material and Packing Materials in stock | 4 weeks |
| Work-in-Progress (Material 100%, Labour and Overheads 50%) | 1 week |
| Finished Goods | 1 week |
| Credit Allowed to Debtors | 6 weeks |
| Credit Allowed by Suppliers | 4 weeks |

Cash balance to be maintained is ₹ 60,000.

Calculate the Net Working Capital Requirements of the company. *20*

(b) पूँजी बाज़ार के विनियमन में 'सेबी' की भूमिका की विवेचना कीजिए ।

Discuss the role of SEBI in regulating the Capital Market. *15*

(c) 'पूँजी राशनिंग' को परिभाषित कीजिए । पूँजी राशनिंग पैदा करने वाले कारकों की व्याख्या कीजिए तथा पूँजी राशनिंग की स्थितियों को भी बताइए ।

Define Capital Rationing. Explain the factors leading to Capital Rationing and also state the situations of Capital Rationing. *15*



www.mpscmaterial.com follow us @mpscmaterial on FB, INSTA and t.me/mpscmaterial

**Q7.** (a) 31.3.2016 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए 'एल्फा कम्पनी लि.' से सम्बन्धित जानकारी निम्नलिखित है :

| | | ₹ |
|---|---|---|
| ईक्विटी शेयर पूँजी (प्रत्येक ₹ 10) | | 50 लाख |
| 12% बाँड प्रत्येक ₹ 1,000 का | | 37 लाख |
| विक्रय | | 84 लाख |
| स्थिर लागत (ब्याज को छोड़कर) | | 6·96 लाख |
| वित्तीय लीवरेज | 1·49 | |
| लाभ मात्रा अनुपात | 27·55% | |
| लागू आय कर | 40% | |

आपको परिकलन करना है

(i) प्रचालन लीवरेज

(ii) संयुक्त लीवरेज

(iii) प्रति शेयर अर्जन

The following information is related to 'Alpha Co. Ltd.' for the year ended 31.3.2016 :

| | | ₹ |
|---|---|---|
| Equity Share Capital (₹ 10 each) | | 50 lakhs |
| 12% Bonds of ₹ 1,000 each | | 37 lakhs |
| Sales | | 84 lakhs |
| Fixed Cost (excluding interest) | | 6·96 lakhs |
| Financial Leverage | 1·49 | |
| Profit Volume Ratio | 27·55% | |
| Income Tax Applicable | 40% | |

You are required to calculate

(i) Operating Leverage

(ii) Combined Leverage

(iii) Earning Per Share *20*

(b) उधार प्रबंधक के द्वारा प्राप्य लेखाओं की प्रस्थिति और संघटन के अनुवीक्षण में इस्तेमाल की जाने वाली तकनीकों को स्पष्ट कीजिए ।

Explain the techniques used by the Credit Manager in monitoring the status and the composition of Accounts Receivables. *15*

(c) कॉमर्शियल पेपर क्या होता है ? कॉमर्शियल पेपर के महत्त्व को और उसके निर्गमन के लिए पूर्व-शर्तों को स्पष्ट कीजिए ।

What is Commercial Paper ? Explain its significance and the pre-conditions for the issue of Commercial Paper. *15*



www.mpscmaterial.com

www.mpscmaterial.com follow us @mpscmaterial on FB, INSTA and t.me/mpscmaterial

**Q8.** (a) एस.के. लि. के 31.3.2014 और 31.3.2015 के तुलन-पत्र निम्नलिखित हैं :

| देयताएँ | 31.3.2014 ₹ | 31.3.2015 ₹ |
|---|---|---|
| ईक्विटी शेयर पूँजी | 75,00,000 | 1,02,50,000 |
| सामान्य आरक्षित निधि | 42,50,000 | 50,00,000 |
| लाभ-हानि लेखा | 15,00,000 | 18,75,000 |
| 13% ऋणपत्र प्रत्येक ₹ 100 का | 58,00,000 | 43,50,000 |
| चालू देयताएँ | 30,00,000 | 32,50,000 |
| प्रस्तावित लाभांश | 7,50,000 | 9,10,000 |
| आय कर के लिए प्रावधान | 22,50,000 | 24,75,000 |
| कुल | **2,50,50,000** | **2,81,10,000** |
| | | |
| परिसम्पत्तियाँ | 31.3.2014 ₹ | 31.3.2015 ₹ |
| सुनाम | 10,00,000 | 7,75,000 |
| भूमि एवं भवन | 68,00,000 | 61,20,000 |
| संयन्त्र एवं मशीनरी | 75,12,000 | 1,07,95,000 |
| निवेश | 25,00,000 | 21,25,000 |
| स्टॉक | 33,00,000 | 27,50,000 |
| ऋणी | 24,45,000 | 36,20,000 |
| नकद एवं बैंक | 14,93,000 | 19,25,000 |
| कुल | **2,50,50,000** | **2,81,10,000** |

निम्नलिखित अतिरिक्त सूचनाएँ उपलब्ध हैं :

(i) 2014 – 15 वित्तीय वर्ष में कम्पनी ने सम मूल्य पर ईक्विटी शेयरों का निर्गमन किया ।

(ii) ऋणपत्रों का 1.4.2014 को 10% प्रीमियम पर विमोचन किया गया ।

(iii) कुछ निवेशों को ₹ 75,000 के लाभ पर बेचा गया था और लाभ को सामान्य आरक्षित निधि लेखा में क्रेडिट किया गया ।

(iv) वर्ष में ₹ 23,50,000 की लागत वाली पुरानी मशीन को ₹ 6,25,000 में बेचा गया । ह्रासित मूल्य ₹ 8,00,000 था ।



www.mpscmaterial.com follow us @mpscmaterial on FB, INSTA and t.me/mpscmaterial

(v) संयन्त्र एवं मशीनरी के प्रारम्भिक शेष पर 20% मूल्यह्रास लगाना है ।

(vi) भूमि एवं भवन का कोई क्रय या विक्रय नहीं था ।

(vii) वर्ष के दौरान ₹ 4,50,000 का कर प्रावधान किया गया था ।

31.3.2015 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए, आपको नकदी प्रवाह विवरण तैयार करना है ।

The Balance Sheets of S.K. Ltd. as at 31.3.2014 and 31.3.2015 are as under :

| Liabilities | 31.3.2014 ₹ | 31.3.2015 ₹ |
|---|---|---|
| Equity Share Capital | 75,00,000 | 1,02,50,000 |
| General Reserve | 42,50,000 | 50,00,000 |
| Profit and Loss Account | 15,00,000 | 18,75,000 |
| 13% Debentures of ₹ 100 each | 58,00,000 | 43,50,000 |
| Current Liabilities | 30,00,000 | 32,50,000 |
| Proposed Dividend | 7,50,000 | 9,10,000 |
| Provision for Income Tax | 22,50,000 | 24,75,000 |
| Total | **2,50,50,000** | **2,81,10,000** |
| | | |
| Assets | 31.3.2014 ₹ | 31.3.2015 ₹ |
| Goodwill | 10,00,000 | 7,75,000 |
| Land and Building | 68,00,000 | 61,20,000 |
| Plant and Machinery | 75,12,000 | 1,07,95,000 |
| Investment | 25,00,000 | 21,25,000 |
| Stock | 33,00,000 | 27,50,000 |
| Debtors | 24,45,000 | 36,20,000 |
| Cash and Bank | 14,93,000 | 19,25,000 |
| Total | **2,50,50,000** | **2,81,10,000** |

www.mpscmaterial.com



www.mpscmaterial.com follow us @mpscmaterial on FB, INSTA and t.me/mpscmaterial

The following additional information is available :

(i) During the financial year 2014 – 15, the company issued equity shares at par.

(ii) Debentures were redeemed on 1.4.2014 at a premium of 10%.

(iii) Some investments were sold at a profit of ₹ 75,000 and the profit was credited to General Reserve Account.

(iv) During the year, an old machine costing ₹ 23,50,000 was sold for ₹ 6,25,000. Its written down value was ₹ 8,00,000.

(v) Depreciation is to be provided on plant and machinery at 20% on the opening balance.

(vi) There was no purchase or sale of land and building.

(vii) Provision for tax made during the year was ₹ 4,50,000.

You are required to prepare a Cash Flow Statement for the year ended 31.3.2015. *20*

(b) 'अनुकूलतम पूँजी संरचना' को परिभाषित कीजिए । फर्म की अनुकूलतम पूँजी संरचना के नियोजन में मुख्य विचारों की विवेचना कीजिए ।

Define 'Optimum Capital Structure'. Discuss the major considerations in the Optimum Capital Structure planning of a firm. *15*

(c) निम्नलिखित लेखाकरण अनुपातों के महत्त्व को समझाइए :

(i) ऋण-ईक्विटी अनुपात

(ii) तत्काल (साख निर्धारण) अनुपात

(iii) मालसूची आवर्त अनुपात

(iv) परिचालन मुनाफ़ा अनुपात

(v) चालू अनुपात

Explain the significance of the following Accounting Ratios : *15*

(i) Debt-Equity Ratio

(ii) Acid Test Ratio

(iii) Inventory Turnover Ratio

(iv) Operating Profit Ratio

(v) Current Ratio



www.mpscmaterial.com follow us @mpscmaterial on FB, INSTA and t.me/mpscmaterial

www.mpscmaterial.com

www.mpscmaterial.com follow us @mpscmaterial on FB, INSTA and t.me/mpscmaterial